(ii) The list of automatic approval for FDI will be expanded to cover important indutrial and service sectors.

(iii) A Foreign Investment Implementation Authority within the Ministry of Industry has been announced for quicker investment inflows and speedier implementation of projects.

(iv) Automatic approval for investment upto 100% by NRIs, OCBs for all items except those which attract notified equity cap/compulsory licensing/public sector reservation under Industrial Policy/reservation for small scale sector.

(v) A major overhaul of excise duty rates from present 11 rates reduced to only 3.

(vi) Restoration of 100% MODVAT credit.

(vii) 7 major ad valorem rates of custom duty reduced to 5 basic rates.

(viii) Massive thrust for road construction financed by rupee one per litre surcharge on diesel.

(ix) Credit Insurance Scheme to be launched for SSI units.

(x) Fiscal package consisting of custom duty reduction announced for Information tehnology sector.

(xi) R&D activity provided further income tax concessions.

(xii) A comprehensive package for the housing sector has been announced. A boost to housing will increase the demand for cement, steel and other construction material.

(xiii) The Reserve Bank of India has cut Bank rate, slashed Repo rate and brought down CRR to reduce the interest cost of funds.

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लाभ में भारी गिरावट

1281. **श्री चीमनभाई हरीभाई शुक्ला:** क्या उद्योग मंत्री यह बतने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या चालू वित्त वर्ष के दौरान कतिपय सार्वजनिक और गैर-सरकारी उपक्रमों के लाभ में काफी अधिक गिरावट आई है;

(ख) यदि हां, तो उन सार्वजनिक और गैर-सरकारी इकाइयों का ब्यौरा क्या है;

(ग) इन इकाइयों को कम लाभ होने के क्या कारण हैं; और

(घ) स्थिति में सुधारार्थ क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उद्योग मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त): (क) वर्ष 1997-98 तक की जानकारी उपलब्ध है और उक्त अवधि के दौरान सरकारी क्षेत्र के 236 उपक्रमों में से 134 ने लाभ अर्जित किया है। हालांकि, सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के समग्र निष्पादन में सुधार हुआ है, तथापि अनेक उपक्रम अभी भी घाटा उठा रहे हैं। गैर-सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों के बारे में जानकारी केन्द्रीयकृत ढंग से नहीं रखी जाती है।

(ख) वर्ष 1997-98 के दौरान लाभ में कमी या घाटे में काफी वृद्धि के कारण सरकारी क्षेत्र के जिन उपक्रमों की लाभकारिता में कमी हुई है, उनकी सूची विवरण में दी गई है। (नीचे देखिए)

(ग) लाभ में कमी के कारण उद्यम-सापेक्ष होते हैं। तथापि, अत्याधिक श्रमशक्ति, निविष्टयों की लागत में वृद्धि, पुराने एवं अप्रचलित संयंत्र एवं मशीनरी, पुरानी प्रौद्योगिकी, क्षमता का कम उपयोग, आदेशों की कमी, मांग में कमी के कारण बिक्री से कम प्राप्ति, अन्तरराष्ट्रीय बाजारों में कम मूल्य आदि इसके सामान्य कारण हैं।

(घ) केन्द्रीय सरकारी उपक्रमों के कार्य-निष्पादन में सुधार एक सतत प्रक्रिया है और यह उद्यम-सापेक्ष होता है। तथापि, इस संबंध में किए जाने वाले कुछेक उपायों में प्रौद्योगिकी उन्नयन, विविधीकरण एवं उत्पाद-मिश्र में परिवर्तन, संयंत्रों का आधुनिकीकरण, माल सूची एवं लागत नियंत्रण, संयुक्त उद्यमों का गठन और नवीनतम कुशलता प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था सहित श्रम शक्ति का युक्तिकरण शामिल है।

विवरण

वर्ष 1996-97 की तुलना में वर्ष 1997-98 में लाभ में भारी कमी/घाटे में वृद्धि को दर्शाने वाले उपक्रमों की सूची

(करोड़ रुपए)

क्रम	उद्यम का नाम	1997-98	1996-97	अन्तर
1.	भारतीय इस्पात प्राधिकरण लि॰	132.99	515.17	—382.18
2.	इण्डियन पैट्रो-कैमिकल्स कारपो॰ लि॰	243.69	510.20	—266.51
3.	इस्टर्न कोलफील्ड्स लि॰	—541.89	—341.15	—200.74
4.	भारतीय उर्वरक निगम लि॰	—724.93	—538.02	—186.91
5.	इण्डियन आयरन एण्ड स्टील कं॰ लि॰	—395.15	—213.03	—182.12
6.	हिन्दुस्तान पेपर कारपो॰ लि॰	1.51	169.38	—167.87
7.	कोंकण रेलवे कारपो॰ लि॰	—153.60	—20.77	—132.83
8.	हिन्दुस्तान फर्टिलाइजर कारपो॰ लि॰	—647.83	—532.64	—115.19
9.	हिन्दुस्तान स्टील वर्क्स कंस्ट्रक्शन लि॰	—224.65	—132.58	—92.07
10.	हिन्दुस्तान फोटोफिल्म मैन्यु॰ कारपो॰ लि॰	—176.29	—91.30	—84.99
11.	ब्रेथवेट एण्ड कंपनी लि॰	2.76	82.28	—79.52
12.	नेटेका (महाराष्ट्र नार्थ) लि॰	—153.60	—77.55	—76.05
13.	सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लि॰	—85.67	—15.52	—70.15
14.	मद्रास फर्टिलाइजर्स लि॰	—55.35	12.10	—67.45
15.	नेटेक्या (साउथ महाराष्ट्र) लि॰	—128.35	—62.59	—65.76
16.	भारत रिफ्रेक्ट्रीज लि॰	—20.75	41.17	—61.92
17.	पारादीप फास्फेट्स लि॰	—105.53	—60.63	—44.90
18.	हिन्दुस्तान कॉपर लि॰	—169.722	—130.62	—39.10
19.	भारतीय राज्य व्यापार निगम लि॰	2.57	37.72	—35.15
20.	पायराइट्स, फास्फेट्स एण्ड कैमिकल्स लि॰	—41.80	—8.28	—33.52
21.	माइनिंग एण्ड एलाइड मशीनरी कारपो॰ लि॰	—146.46	—114.79	—31.67
22.	नेटेका (उत्तर प्रदेश) लि॰	—100.13	—68.81	—31.32
23.	हिन्दुस्तान केबल्स लि॰	—173.94	—146.13	—27.81
24.	नेटेका (पश्चिम बंगाल, असम, बिहार एवं उड़ीसा) लि॰	—90.52	—62.72	—27.80
25.	प्रोजेक्ट्स एण्ड डेवलपमेंट इण्डिया लि॰	6.09	31.82	—25.73
26.	भारतीय होटल निगम लि॰	8.05	30.74	—22.69
27.	गोवा शिपयार्ड लि॰	14.40	35.59	—21.19
28.	आवास एवं शहर विकास निगम लि॰	40.54	61.54	—21.00
29.	भारतीय कपास निगम लि॰	28.18	49.13	—20.95
	जोड़	**—3655.38**	**—1040.29**	**—2615.09**